Hymns for the THANKSGIVING MASS

1.ENTRANCE

येशु पर विश्वास करो, तुम लज्जित न होगे कभी
उसकी आज्ञा पर चलो, पाओगे सब कुछ तभी
वो है आदि, वो है अन्त, उसके द्वारा पायें जीवन
उसके द्वारा पायें हम जीवन, शान्ति,प्रेम,आनन्द (2)

i) जब तुम घबराओगे, तब वो धीरज देंगे
जब चिन्तित होओगे, तब शान्ति वो देंगे
क्योंकि कहते येशु, 'तुम न घबराना,
स्वर्गिक शान्ति मुझसे तुम लेना,
मैं रहता तेरे संग फिर किससे है ड़रना ।'

ii) जब तुम रोओगे, वह तुम्हें हँसाएँगे
जब दु:ख में डूबोगे, तो खुशी तुम्हें देंगे
क्योंकि कहते येशु, 'हो दोस्त तुम मेरे
मेरे आनन्द के तुम भी भागी बनो
तुम सब मेरे प्यार में बने रहो ।'

2.LORD HAVE MERCY

हे पिता, स्वर्गीय पिता, हम पर दया करो (2)
हे येशु, हे मुक्तिदाता, हम पर दया करो (2)
हे आत्मा, हे जीवन ज्योति, हम पर कृपा करो (2)
हे पिता, स्वर्गीय पिता, हम पर दया करो (2)
हम पर दया करो (2)

3.GLORIA

स्वर्ग में महिमा परमेश्वर की हो
भू पर शान्ति सुजन को

i) हम तेरी प्रशंसा करते हैं,
धन्य तुझे हम कहते हैं (2)
तेरी आराधना करते हैं, तेरी महिमा गाते हैं।

ii) हे सर्वशक्तिमान पिता परमेश्वर
स्वर्ग लोक के स्वामी हैं (2)
इकलौते पुत्र येशु ख्रीस्त हैं, तेरा गुणगान करते हैं।

iii) जगत का पाप तू हर लेता है
हम पर दया तू कर दे (2)
पिता के दायें विराजमान है, मेरी विनती सुन ले।

iv) तू ही पावन, तू ही प्रभु है
तू ही पवित्र आत्मा के संग (2)
पिता की महिमा सर्वोपरि है, तेरी महिमा होती है।

4.GOSPEL HYMN

वचन, हैं ये दिव्य वचन
वचन शक्तिशाली वचन

i) भटकी हुई भेड़ों को चराने वाले
पापों से मुक्ति दिलाने वाले
हैं ये शान्ति वचन, हैं ये मुक्ति वचन
स्वर्ग से उतरे ये वचन (2)

iii) रोगियों को चंगाई देने वाले
गल गये मुर्दों को जिलाने वाले
हैं ये जीवन्त वचन, हैं ये शाश्वत वचन
जीवन की रोटी ये वचन (2)

5.OFFERTORY

ले लो प्रभु, भेंट हमारी, तेरे चरण रखते हम
खुशियाँ और गम, ये तन और मन,
सब कुछ चढ़ाते हैं हम

i) पापों का मैल सब धुल जाये अब
पत्थर-सा दिल मोम बन जाये (2)
मन शुद्ध कर, प्रेम से तू भर,
बन्धनों से तू मुक्त कर, ऐसी कृपा हम पर तू कर।

ii) दाखरस-रोटी लेकर आये हम
तेरे आगे बलि वेदी पे (2)
अपने पावन रक्त और शरीर में
तू बदल इनको इस पल,
ऐसी कृपा हम पर तू कर।

6.HOLY HOLY

प्रभु की स्तुति करो, उसको हम धन्य कहें (2)
उसकी हम महिमा गायें,
उसी की आराधना करें

i) धरती आकाश तेरी महिमा से पूरित है (2)
धन्य हैं वह लोग जो आते तेरे नाम पे (2)
जो आते तेरे नाम पे (2)

7.PROCLAMATION

ख्रीस्त मर गये, ख्रीस्त जी उठे

ख्रीस्त महिमा के साथ फिर आयेंगे, आयेंगे

8.LAMB OF GOD

हे ईश्वर के मेमने,
तू संसार के पाप हर लेता है, (2)
हम पर दया कर।

हे ईश्वर के मेमने,
तू संसार के पाप हर लेता है,
हमें शान्ति प्रदान कर ।

9.COMMUNION

अच्छा चरवाहा प्रभु ही मेरा
सच्चा चरवाहा येशु है मेरा
काँटों में फँसा हुआ मैं एक मेमना
राह से जब मैं भटक गया, येशु पास आया
कन्धों पर उठा लिया, फिर अपने घर ले आया
कन्धों पर उठा लिया, अपने घर लाया (2)

i) मुझे किसी भी बात की कमी नहीं, कमी नहीं
मुझे किसी भी बात की चिन्ता नहीं, चिन्ता नहीं
जहाँ-जहाँ है हरियाली, वहाँ मुझे वह बैठाता
शीतल जल है बहता जहाँ, वहाँ बुझाता मेरी प्यास

ii) बादल का खम्भा बन कर दिन में तू छाया देना
अग्नि की ज्वाला बन कर रात में मार्ग दिखा देना
हाथ पकड़ कर तू ले चल, रहना हमेशा मेरे संग
तेरी कृपा से घिरा रहूँ, जीवन भर, मैं जीवन भर

10.RECESSIONAL

यही वो दिन है, खुशी का दिन है,
जिसका था हमें इंतजार (2)
शान्ति का राजा, येशु है जन्मा,
जग का है जो पालनहार, हमारी मुक्ति का द्वार
येशु कहते हमें -'मैं हूँ जीवन, सत्य और मार्ग' (2)

i)दूतों के संग-संग मिलकर हम गायें,
उसको करें हम प्रणाम (2)
वो है इकलौता ईश्वर का बेटा, देता जो प्रेम का पैगाम
सबसे ऊँचा जिसका नाम
'परमेश्वर की महिमा और पृथ्वी पर शान्ति' (2)

ii)उसने बनाई सारी यह सृष्टि, उससे है आई बहार(2)
खुशियाँ मनायें, ताली बजायें,
बाँटें हम ईश्वर का प्यार, झूमेगा सारा संसार
जैसे उसने प्रेम किया वैसे हम करें सबसे प्यार (2)

iii) बालक येशु के जैसे बनें हम,
पापों से बचकर रहें (2)
पालन करें उसकी आज्ञाओं का,
अनन्त जीवन पायें, अनन्त शान्ति पायें
आत्मा और जीवन उसके हैं सारे वचन (2)

JEEVAN DHAM
wishes all a
MERRY CHRISTMAS
and a
HAPPY NEW YEAR!

'आल्लेलूया! प्रभु के आदर में नया गीत गाओ,
भक्तों की सभा में उसकी स्तुति करो।'
(स्तोत्र-ग्रन्थ 149:1)

Inspirational Hymns
from Jeevan Dham, 696/Sec-22, Fbd.

WELCOME TO
Jeevan Dham
Visit us at: www.jeevandham.org